ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 05 मार्च 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 290

राज-पाट छोड़ राज्यसभा चले सुशान बाबू, कार्यकर्ताओं ने कहा-धोखा हो गया, तोड़फोड़, गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नामांकन



24 न्यूज अपडेट

पटना, 5 मार्च। करीब दो दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर राज्य की सियासत में नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे दिया। विधानसभा परिसर में आयोजित नामांकन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी ने इस पूरे घटनाक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर भी खासा महत्व दे दिया। मुख्यमंत्री के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नितिन नबीन, वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा तथा भाजपा नेता शिवेश कुमार ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए। इस घटनाक्रम को बिहार की राजनीति में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

नई भूमिका का संकेत, सरकार को सहयोग का भरोसा

नामांकन से पहले नितिश कुमार ने सामाजिक माध्यम पर लिखा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही यह इच्छा रही है कि वे बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनें। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यसभा में जाने के बावजूद बिहार की नई सरकार को उनका पूरा सहयोग रहेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि नीतीश कुमार राज्यसभा में सक्रिय भूमिका निभाते हैं तो लगभग बीस वर्षों से अधिक समय से जारी उनका मुख्यमंत्री कार्यकाल एक नए मोड़ पर पहुंच सकता है। वर्ष 2005 से अब तक वे कई बार मुख्यमंत्री रहे और बिहार की राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते रहे हैं।

जदयू ने गृह विभाग पर जताया दावा

नामांकन के साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर विभागों को लेकर हलचल तेज हो गई है। जनता दल (यूनाइटेड) ने राज्य सरकार में गृह विभाग पर अपना दावा जताया है, जो फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के पास है। वर्तमान में यह विभाग उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास है।

अमित शाह ने किया सम्मान

इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल बिहार के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज रहेगा। उनके नेतृत्व में राज्य में सड़कों, शिक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं।

विपक्ष का हमला

इधर विपक्ष ने इस फैसले को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि यह फैसला दबाव की राजनीति का परिणाम है और भारतीय जनता पार्टी ने सहयोगी दल पर अपना दबदबा कायम कर लिया है। उन्होंने इसे "महाराष्ट्र मॉडल" जैसा राजनीतिक प्रयोग बताया।

कार्यकर्ताओं में नाराजगी, कार्यालय में हंगामा

मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने की खबर सामने आते ही जनता दल (यू) के कार्यकर्ताओं में असंतोष दिखाई दिया। मुख्यमंत्री आवास के बाहर बड़ी संख्या में समर्थक जुट गए और कई कार्यकर्ता भावुक होकर विरोध करते नजर आए। पटना स्थित जदयू कार्यालय में भी कुछ कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया और तोड़फोड़ की। हालात को देखते हुए कार्यालय का मुख्य द्वार बंद करना पड़ा। बेगूसराय, नालंदा सहित कई जिलों से भी विरोध की खबरें सामने आईं।

उत्तराधिकार की चर्चा तेज

राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने की तैयारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में उनकी भूमिका को लेकर पार्टी स्तर पर निर्णय लिया जा सकता है। करीब पांच दशकों के सार्वजनिक जीवन में विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे Nitish Kumar का राज्यसभा की ओर कदम बढ़ाना केवल व्यक्तिगत राजनीतिक फैसला नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत माना जा रहा है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि इस फैसले से राज्य की सत्ता और गठबंधन की राजनीति किस दिशा में आगे बढ़ती है।

चीन ने 35 साल में सबसे कम GDP लक्ष्य रखा:2026 के लिए 4.5-5% ग्रोथ का टारगेट; एक्सपोर्ट के बजाय घरेलू बाजार पर फोकस



24 न्यूज अपडेट

चीन ने 2026 के लिए GDP ग्रोथ का लक्ष्य घटाकर 4.5-5% कर दिया है। साल 1991 के बाद यह पहली बार है जब चीन ने अपना लक्ष्य 5% से नीचे रखा है। बीजिंग में आयोजित वार्षिक संसदीय बैठक 'टू सेशन्स' के दौरान चीनी प्रीमियर ली कियांग ने यह घोषणा की।

चीन ने गुरुवार को 15वीं पंचवर्षीय योजना (2026-2030) का ड्राफ्ट भी जारी किया, जिस पर अगले हफ्ते औपचारिक वोटिंग होगी। इस योजना में खपत बढ़ाने और इनोवेशन पर जोर देने जैसे विषय शामिल हैं, जो अगले पांच सालों के लिए बीजिंग की प्राथमिकता होंगे।

एक्सपोर्ट के बजाय 'हाई-क्वालिटी ग्रोथ' पर जोर

चीन अब अपनी आर्थिक रणनीति बदल रहा है। अब तक चीन की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कंस्ट्रक्शन और एक्सपोर्ट पर टिकी थी, लेकिन अब सरकार का ध्यान 'हाई-क्वालिटी ग्रोथ' पर है।

इसका मतलब है कि अब हाई-टेक इंडस्ट्री और स्ट्रक्चरल रिफॉर्म के जरिए इकोनॉमी को मजबूत बनाने की कोशिश की जाएगी ताकि बाहरी झटकों का असर कम से कम हो।

चीन इस समय कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। देश का रियल एस्टेट लंबे समय से संकट में है। घरेलू मांग कमजोर पड़ गई है और आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जैसे-जैसे कोई देश मध्यम आय वर्ग से ऊपर बढ़ता है, उसकी रफ्तार स्वाभाविक रूप से धीमी होती है।

रनवे टच कराने के तुरंत बाद दोबारा टेकऑफ, 12 मिनट तक अटकी रही सांसें



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह मुंबई से आई एक यात्री उड़ान की पहली लैंडिंग कोशिश असफल रही, जिससे विमान में सवार यात्रियों की सांसें कुछ देर के लिए थम गईं। हालांकि करीब 12 मिनट बाद पायलट ने दोबारा प्रयास करते हुए विमान की सुरक्षित लैंडिंग करवाई। विमान में क्रू मेंबर सहित कुल 147 लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-1280 ने सुबह 7:37 बजे मुंबई से जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। विमान करीब 9:20 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए पहुंचा, लेकिन पहली कोशिश में लैंडिंग प्रक्रिया सही ढंग से पूरी नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में पायलट ने विमान को रनवे टच कराने के तुरंत बाद दोबारा टेकऑफ करवा दिया और उसे 'गो-अराउंड' पर रखते हुए हवा में ही बनाए रखा। कुछ देर बाद पायलट ने पुनः लैंडिंग की तैयारी की और करीब 12 मिनट बाद सुबह 9:32 बजे दूसरे प्रयास में विमान को सुरक्षित रूप से उतार दिया। विमान के सुरक्षित उतरते ही यात्रियों ने राहत की सांस ली। एविएशन सूत्रों के अनुसार पहली कोशिश के दौरान पायलट की एप्रोच अस्थिर होने के कारण लैंडिंग नहीं हो पाई थी। उल्लेखनीय है कि जयपुर एयरपोर्ट पर इससे पहले भी 'गो-अराउंड' की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। करीब 20 दिन पहले 12 फरवरी को भी मुंबई से आई एयर इंडिया की फ्लाइट AI-2781 की लैंडिंग पहली बार में नहीं हो पाई थी और पायलट ने टचडाउन से ठीक पहले विमान को दोबारा हवा में ले जाकर कुछ देर बाद सुरक्षित उतारा था।

अजमेर में नियम विरुद्ध पट्टों पर गिरेगी गाज, चार अधिकारी एपीओ; छह माह में जारी सभी पट्टों की होगी जांच

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 5 मार्च। अजमेर नगर निगम में कथित रूप से नियमों के विरुद्ध जारी किए गए पट्टों के मामले में राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। स्वायत्त शासन मंत्री Jhabar Singh Kharra ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि नगर निगम अजमेर द्वारा पिछले छह महीनों में जारी किए गए सभी पट्टों की जांच अतिरिक्त जिला कलेक्टर स्तर के अधिकारी से करवाई जाएगी और दो सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाएगी। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आने पर अजमेर नगर निगम के चार अधिकारियों को एपीओ (प्रतीक्षारत) करने के आदेश जारी किए जा रहे हैं और उनका मुख्यालय जयपुर रखा जाएगा, ताकि वे किसी भी तरह से जांच को प्रभावित न कर सकें।

झूठे शपथ पत्र से पट्टा लेने का मामला

मंत्री ने बताया कि एक अन्य प्रकरण में पट्टा संख्या 69/2025-26 के लिए आवेदक ने न्यायालय में लंबित वाद की जानकारी छुपाते हुए झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर पट्टा प्राप्त कर लिया। इस मामले में नगर निगम ने आवेदक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पत्र लिखा है और उक्त पट्टा निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा एक मामले में खसरा संख्या 2227 को खसरा संख्या 316 बताकर धोखाधड़ी से पट्टा प्राप्त करने का प्रयास भी सामने आया है। इस पट्टे को भी निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई मामले में नियमों की अनदेखी के आरोप में अजमेर नगर निगम के उपायुक्त (विकास) कीर्ति कुमावत, वरिष्ठ प्रारूपकार सुरेश चौधरी, कनिष्ठ अभियंता राजेश मीणा और कनिष्ठ सहायक सादिक हुसैन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

चांदी 2 दिन में 26 हजार सस्ती हुई:2.64 लाख किलो पर आई, 10 ग्राम सोना 7 हजार गिरकर 1.62 लाख का हुआ



24 न्यूज अपडेट

सोने और चांदी के दामों में आज यानी 5 मार्च को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2 हजार रुपए घटकर 1.60 लाख पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.62 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 2 दिन में 7 हजार रुपए सस्ता हुआ है।

वहीं, एक किलो चांदी 7 हजार रुपए गिरकर 2.64 लाख पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.71 लाख रुपए प्रति किलो थी। ये दो दिन में 26 हजार रुपए सस्ती हुई है। सोना चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है।

मोदी बोले- इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो:सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं; ईरान में अब तक 1000 लोगों की मौत



24 न्यूज अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।

पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छह दिनों से जंग जारी है। अल जजीरा के मुताबिक, इस संघर्ष में अब तक 5000 से ज्यादा बम गिराए हैं। वहीं 20 ईरानी वॉरशिप को डुबो दिया है। इन हमलों में एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। ईरान ने भी पलटवार करते हुए मिडिल ईस्ट के 9 देशों में बने अमेरिकी बेस पर हमला किया है।

मोदी बोले- AI, 6G और क्वांटम टेक्नोलॉजी में साझेदारी पर जोर


फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। बैठक में दोनों देशों ने डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

मोदी ने कहा, 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6G टेलीकॉम, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत-यूरोपीय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति स्टब ने आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरा किया है, जो बेहद कठिन प्रतियोगिता मानी जाती है।

फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब ने भारत की विदेश नीति और आर्थिक प्रगति की तारीफ की। उन्होंने कहा कि दुनिया को थोड़ा और भारतीय बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे प्रभावशाली देशों में से एक है। यूरोप के लिए भारत एक अहम रणनीतिक साझेदार बन चुका है।

स्टब ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और पिछले एक दशक में यहां बड़ा बदलाव देखने को मिला है। उनकी पिछली भारत यात्रा 2013 में हुई थी और तब से देश में काफी परिवर्तन हुआ है।

सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा, 80016 पर बंद:निफ्टी 285 अंक बढ़कर 24766 पर पहुंचा, ऑटो और एनर्जी शेयर्स में खरीदारी



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 5 मार्च को बढ़त रही। सेंसेक्स 900 अंक (1.14%) की तेजी के साथ 80,016 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 285 अंक (1.17%) की बढ़त रही। ये 24,766 के स्तर पर बंद हुआ।

ऑटो, मेटल, फार्मा और एनर्जी शेयर्स में आज ज्यादा बढ़त रही। L&T और अडाणी पोर्ट्स के शेयर आज करीब 4% की चढ़कर बंद हुए। वहीं IT शेयर्स में आज गिरावट रही।

संपादकीय : वापसी की फिक्र

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में यह कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। खासतौर पर हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसमें मध्य-पूर्व के देशों में भी स्थिति चिंताजनक हो रही है। इस बीच भारत के लिए एक बड़ी फिक्र यह खड़ी हुई है कि अलग-अलग उद्देश्य से मध्य-पूर्व के देशों में गए जो भारतीय फंस गए हैं, उन्हें वहां से सुरक्षित कैसे निकाला जाए। अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के जवाब में ईरान ने इजराइल को निशाना बनाने के साथ-साथ बहरीन, सऊदी अरब, कतर समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल से हमले किए हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि वहां रहने वाले लोगों के सामने किस तरह की मुश्किलें खड़ी हो रही होंगी। स्वाभावकि ही भारत के सामने बड़ी चिंता उन इलाकों में फंसे भारतीयों को वापस लाने की है। युद्ध दरअसल, समूचे पश्चिम एशिया का इलाका इस समय युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया लग रहा है। स्वाभाविक ही वहां रह रहे तमाम आम लोगों के सामने खुद को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, जो लोग दूसरे देशों से वहां गए हैं, वे किसी तरह वहां से निकलने की उम्मीद में हैं। ऐसे में भारत सरकार ने युद्ध प्रभावित देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश शुरू की है, लेकिन ठोस नतीजे के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीयों की सहायता के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम उठाएं। सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। भारत ने शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विवादों के समाधान के लिए संवाद तथा कूटनीति का समर्थन किया है, लेकिन फिलहाल ज्यादा जरूरत इस बात की है कि युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए। गौरतलब है कि ईरान में करीब दस हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, जो पढ़ाई और काम करते हैं। वहीं इजराइल में चालीस हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। इसके अलावा, खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में लगभग नब्बे लाख भारतीय रहते हैं। इन देशों में सैन्य तनाव बढ़ने और युद्ध का दायरा फैलने की वजह से उड़ान सेवाएं व्यापक पैमाने पर बाधित हुई हैं और बहुत सारे वैसे भारतीय उन जगहों के हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं, जो किसी तरह वतन लौटना चाहते हैं। हालांकि इससे पहले कई बार अलग- अलग देशों में भड़के युद्ध के दौरान भारत ने अपने हजारों नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है मगर इस बार सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि युद्ध में शामिल देशों के बीच हमले अपनी पूरी तीव्रता के साथ जारी हैं और आम लोगों के लिए हवाई क्षेत्र बंद है। जब तक हमलों में कमी नहीं आएगी और यात्री उड़ानों की गुंजाइश नहीं बनेगी, तब तक बच्चव अभियान शुरू करना शायद मुश्किल हो ऐसे में कूटनीतिक पहल और संवाद के सहारे युद्ध प्रभावित इलाकों से भारतीयों की सुरक्षित वापसी का रास्ता निकालने की जरूरत है।

जिम्मेदारी किसकी

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में कार्यरत एक बूथ स्तरीय अधिकारी की आत्महत्या की घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था और मानवीय मूल्यों एवं संवेदनशीलता को लेकर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खबरों के मुताबिक, यह कर्मी अपनी बेटी की शादी के लिए छुट्टी नहीं मिलने से इस कदर परेशान था कि प्राथमिक विद्यालय के भवन में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। विभिन्न राज्यों में पुनरीक्षण की प्रक्रिया में जुटे कर्मियों पर काम का दबाव होने की खबरें पहले भी आती रही हैं, लेकिन यह मामला सीधे तौर पर व्यवस्था में मनमानी लापरवाही और असंवेदनशीलता से जुड़ा हुआ है। यह बात सही है कि पुनरीक्षण के कार्य का दबाव विभागीय स्तर पर महसूस किया जा रहा है, लेकिन क्या काम की अत्यधिक व्यस्तता के नाम पर किसी कर्मी को अपनी अति महत्त्वपूर्ण पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने से रोका जा सकता है? वह भी ऐसी व्यवस्था में जहां कर्मचारियों के लिए वर्ष भर के अवकाश तय होते हैं ! गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अब तक उठे विवादों में एक मामला बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के अत्यधिक दबाव का भी रहा है। इस कारण कई कर्मियों के आत्महत्या करने तथा दिल का दौरा पड़ने या अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से मौत हो जाने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। अब काम पूरा करने की समयसीमा नजदीक आते ही बूथ स्तरीय अधिकारियों पर दबाव और बढ़ गया है और उन्हें आसानी से अवकाश भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में एक कर्मी के आत्महत्या कर लेने की यह घटना इसी ओर इशारा करती है। यह समझना भी जरूरी है कि किसी भी व्यक्ति के लिए नौकरी का मतलब यही होता है कि वह अपने परिवार का ठीक से पालन-पोषण कर सके और पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभा सके। अगर बेटी या बेटे की शादी जैसे अत्यावश्यक कार्यों या आपात स्थिति में किसी कर्मी को छुट्टी ही न मिले, उस नौकरी के क्या मायने रह जाते हैं । बहरहाल, आत्महत्या की इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए और दोषियों की जवाबदेही तय कर उन्हें कानून के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

400 वर्ष पुराने देवगढ़ महल में विदेशी मेहमानों पर चढ़ा फागण का रंग, राजस्थानी गीतों पर झूमे सैलानी



24 न्यूज अपडेट

देवगढ़। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और रंगों के पर्व होली का अनोखा दृश्य देवगढ़ महल में देखने को मिला, जहाँ करीब 400 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक महल में देश-विदेश से आए पर्यटक फागण के रंग में सराबोर नजर आए। परंपरा, लोकसंगीत और राजस्थानी मेहमाननवाज़ी के इस उत्सव ने देवगढ़ को एक दिन के लिए रंगों की अंतरराष्ट्रीय चौपाल बना दिया। राजसमंद जिले के देवगढ़ स्थित इस ऐतिहासिक महल में होली के अवसर पर पूरे दिन राजस्थानी लोकगीतों और फागण के तरानों की गूंज रही। वर्तमान में राव वीरभद्र सिंह के सानिध्य में संचालित इस धरोहर महल में आयोजित उत्सव में विदेशी मेहमानों ने पारंपरिक अंदाज में होली खेली और लोक कलाकारों के साथ राजस्थानी धुनों पर जमकर नृत्य किया।

फागण के गीतों से महका राजमहल

महल के आंगन में जैसे ही ढोलक और मंजीरों की थाप पर फागण के गीत गूंजे, विदेशी सैलानी खुद को रोक नहीं पाए। रंग-गुलाल के बीच राजस्थानी वेशभूषा पहने कलाकारों के साथ उन्होंने लोकनृत्य किया और उत्सव का भरपूर आनंद लिया। कई पर्यटकों ने पहली बार इस पारंपरिक शैली में होली खेली और इसे अपने जीवन का यादगार अनुभव बताया।

होलिका दहन से हुई उत्सव की शुरुआत

उत्सव की शुरुआत एक दिन पहले होलिका दहन से हुई। इस अवसर पर स्थानीय लोग विभिन्न प्रकार के स्वांग और पारंपरिक वेशभूषा में महल परिसर पहुँचे। विदेशी मेहमानों ने भी उत्साह के साथ इस परंपरा में भाग लिया और भारतीय संस्कृति को करीब से महसूस किया। विदेशी मेहमान बोले—यही है असली राजस्थान राजस्थान भ्रमण पर आए पर्यटकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश के कई ऐतिहासिक स्थल देखे, लेकिन देवगढ़ में जो अपनापन और जीवंत परंपरा देखने को मिली, वह अद्भुत है। स्थानीय लोगों के साथ होलिका दहन और फागण उत्सव में शामिल होकर उन्हें "असली राजस्थान" का अनुभव हुआ।

सागवाड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने पर सरकार गंभीरः जोगाराम पटेल

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। जोगाराम पटेल ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि सागवाड़ा की भौगोलिक परिस्थितियों, प्रकरणों की संख्या और लंबी दूरी को देखते हुए यहां न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की स्थापना आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इस संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय से अनुमति प्राप्त करने के लिए पूरा प्रयास करेगी। विधि एवं विधिक कार्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक शंकरलाल डेचा के पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि वर्तमान में सागवाड़ा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय स्थापित नहीं है। यहां पहले से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संचालित हो रहे हैं। मंत्री ने बताया कि वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, सागवाड़ा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर के कई प्रकरण लंबित हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागवाड़ा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय की स्थापना का प्रस्ताव वर्तमान में उच्च न्यायालय की संबंधित समिति के समक्ष विचाराधीन है। भविष्य में इस संबंध में उच्च न्यायालय से प्रस्ताव प्राप्त होने तथा वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर राज्य सरकार आगे निर्णय ले सकेगी।

शर्मा छात्रावास में निर्माणाधीन 'अशोक सिंघल भवन' के लिए 51 लाख रुपये का सहयोग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शर्मा छात्रावास के अंतर्गत निर्माणाधीन 'अशोक सिंघल भवन' के निर्माण कार्य के लिए 51 लाख रुपये की सहयोग राशि समर्पित की गई है। यह सहयोग गुलाब चंद कटारिया के विशेष प्रयासों से संभव हुआ। यह राशि जे आर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक महेंद्र अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार के केंद्र के रूप में विकसित हो रहे इस भवन के निर्माण में सहयोग देना उनके लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि 'अशोक सिंघल भवन' के निर्माण पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों को आधुनिक और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे उनके शैक्षणिक तथा सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी। शर्मा छात्रावास प्रबंधन एवं ट्रस्ट ने गुलाब चंद कटारिया के मार्गदर्शन तथा महेंद्र अग्रवाल और जे आर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के उदार सहयोग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।


खाट में सुलगती आग बनी मौत का कारणः पानरवा की कथौड़ी कॉलोनी में अधेड़ की दम घुटने से मौत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर जिले के पानरवा कस्बे की कत्थोडी कॉलोनी में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। घर के भीतर खाट पर सो रहे 65 वर्षीय अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बिस्तर में आग लगने और उससे उठे धुएं के कारण दम घुटने से उनकी जान चली गई। पुलिस के अनुसार मृतक भैरूलाल वाल्मीकि (65) बुधवार रात घर में अकेले सो रहे थे। बताया जा रहा है कि दिनभर शराब पीने के बाद देर रात उनका पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद उन्होंने कमरे की कुंडी अंदर से बंद कर ली और खाट पर सो गए। रात के दौरान खाट के पास रखी सुलगती आग से बिस्तर ने आग पकड़ ली। धीरे-धीरे कमरे में धुआं भर गया और सो रहे भैरूलाल को संभलने का मौका भी नहीं मिला। दम घुटने से उनकी मौत हो गई। सुबह जब परिजन और आसपास के लोगों को काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं सुनाई दी तो उन्हें शक हुआ। खिड़की से झांकने पर अंदर खाट पर अधेड़ की निष्प्राण देह पड़ी दिखी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस की पानरवा थाना टीम मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस ने खिड़की तोड़कर भीतर प्रवेश किया और शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। प्रारंभिक जांच में आग से निकले धुएं के कारण दम घुटने को मौत की वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

इस्कॉन कोवे में 8 को गौर उत्सव एवं फूलों की होली



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, के मोहनपुरा चिरवा स्थित निर्माणाधीन इस्कॉन कोवे मंदिर में 8 मार्च को प्रातः 9:30 बजे से गौर उत्सव एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन होगा। मन्दिर प्रोजेक्ट डाइरेक्टर मदन गोविंद प्रभु ने बताया कि इस अनोखे त्योहार में रंगों की बजाय फूलों से होली खेलकर भक्त आनन्द लेवेंगें। इससे पूर्व ब्रह्मचारी वैष्णव क्रमश भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर फिर पुष्पों से अभिषेक करेंगें। इस अवसर पर भक्तो के हाथो से निर्मित भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग धरायेगें। जिसे आरती पश्चात सभी भक्तो को महाप्रसादम के साथ परोसा जायेगा। इससे पूर्व परम्परागत भजन, कीर्तन और गुरुग्राम से पधारे असित प्रभु के श्रीमुख से गौरांग महाप्रभु की दिव्य कथा का रसपान करा आध्यात्मिक ऊर्जा से अभसिंचित कर देगें। पश्चात इस्कॉन भक्तो के एंव आसपास के ग्रामीण बच्चो के द्वारा आकर्षक पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। मदन गोविंद प्रभु के अनुसार इस महोत्सव के माध्यम से भक्ति,संस्कृति और प्रेम भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। सभी को भगवान की दिव्य सेवा का अवसर मिलेगा।अधिक से अधिक उदयपुर वासी इस भव्य फूलो की होली मे पधारे।

राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता हेतु आवेदन आमंत्रित

आवेदन की अंतिम तारीख 11 मार्च तक

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मार्च । पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाली 'युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता' में भाग लेने वाले इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष की प्रतियोगिता 14 मार्च 2026 शनिवार को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक युवा आवेदन सादे कागज पर बागोर की हवेली गणगौर घाट उदयपुर में 11 मार्च 2026 सायं 5 बजे तक जमा करा सकते है। अपनी उम्र के प्रमाण हेतु शैक्षणिक अंक तालिका साथ लानी अनिवार्य होगी। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी आप पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के फेसबुक पेज तथा वेबसाइट WWW.WZCCINDIA.COM पर प्राप्त कर सकते हैं।

राजस्थान शतरंज संघ की उपाध्यक्ष बनीं सोनल गर्ग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सोनल गर्ग को राजस्थान शतरंज संघ के हाल ही में संपन्न चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। उनके चयन से उदयपुर सहित प्रदेश के शतरंज खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। बुधवार को बीकानेर स्थित सर्किट हाउस बीकानेर में आयोजित संघ की आमसभा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। दोपहर 2:30 बजे नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने पर अध्यक्ष पद पर लक्ष्मण राघव, सचिव पद पर विनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर शैलेश गुप्ता तथा उपाध्यक्ष पद पर सोनल गर्ग को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान ऑल इंडिया चेस एसोसिएशन के पर्यवेक्षक अंकुश भी उपस्थित रहे। उदयपुर जिला शतरंज संघ ने सोनल गर्ग के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे शहर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने वाली वह प्रदेश की एकमात्र महिला प्रतिनिधि हैं।

महाराणा प्रताप सेना ने किया अंतिम संस्कार



24 न्यूज अपडेट

महाराणा प्रताप सेना को सवीना थाना द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति रूपेश सरोदे जो की महाराणा भूपाल चिकित्सालय उदयपुर में भर्ती था बीमारी के कारण मृत्यु हो गई , कोई परिवार जन ना होने के कारण महाराणा प्रताप सेना को शव दाह संस्कार हेतु सोपा गया जिसका अंतिम संस्कार अशोक नगर मोक्ष धाम पर किया गया । सेवा कार्य में संस्थापक मोहन सिंह राठौड़ , हरि चरण संस्थान ध्रुव कुमार काव्या , सुरेश चंद्र शर्मा, रोहित गुर्जर, दीपक जी , नंदराज भारती , कोशल आमेटा, चन्द्रवीर सिंह सेवा कार्य में उपास्थित थे ।

अरविन्द सिंह मेवाड़ को प्रथम पुण्यतिथि पर सिटी पैलेस में श्रद्धांजलि सभा

- डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा-आपकी सीख और संस्कार सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मेवाड़ की गौरवशाली परम्परा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मेवाड़ राजपरिवार के अरविंदसिंह मेवाड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर गुरुवार को सिटी पैलेस में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उनके पुत्र डॉक्टर लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ ने भावुक मन से अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हृदय आज भी उसी क्षण पर ठहरा हुआ है, जब आपने हमें छोड़ अनंत यात्रा आरम्भ की। आपने अपने जीवन से हमें परम्परा, संस्कार और सम्मान की जो सीख दी, वही हमारे लिए सबसे बड़ी धरोहर है। चैत्र कृष्ण द्वितीया पर आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य, शहर के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राजमाता विजयराज कुमारी मेवाड़ सहित परिवारजनों के साथ दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद नगरवासियों, बाहर से आए अतिथियों तथा महल से जुड़े कर्मचारियों ने भी श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा में मेवाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए अरविंदसिंह मेवाड़ द्वारा किए गए चार दशकों से अधिक समय के योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। उनके कार्यकाल में मेवाड़ की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, सांस्कृतिक आयोजनों के संवर्धन और समाज सेवा के अनेक कार्यों को नई दिशा मिली। इस अवसर पर राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोकगायक छोटूसिंह रावणा ने अपनी स्वरांजलि के माध्यम से दिवंगत अरविन्द सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके गीतों ने सभा में उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मेवाड़ के महाकवि स्वर्गीय नरेन्द्र मिश्र की रचनाओं का भी पाठ किया गया, जिनकी पंक्तियों के माध्यम से अरविन्द सिंह मेवाड़ के व्यक्तित्व और उनके योगदान को स्मरण किया गया—"जिसने पुरखों की गरिमा का पावन सपना साकार किया, महलों की अमर विरासत को नयनाभिराम आकार दिया। अरविन्द मिसाल बने जग में माटी का कर्ज चुकाने में, दीपक से जलते रहे सदा मेवाड़ी फर्ज निभाने में। अरविन्द आपकी निष्ठा ने कुछ ऐसा पावन पुण्य किया, मेवाड़ वंश के वैभव को तुमने अखण्ड अक्षुण्य किया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत अरविन्द सिंह मेवाड़ के आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सावधान- TRAI अधिकारी बनकर लूट रहे साइबर ठगः राजस्थान पुलिस ने जारी की बचने की गाइडलाइन



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 05 मार्च। राजस्थान में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम विंग ने एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वीके सिंह ने बताया कि आजकल जालसाज खुद को TRAI (भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण) या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर आमजन को अपना शिकार बना रहे हैं।

कैसे बिछाया जा रहा है ठगी का जाल

पुलिस अधीक्षक साइबर सेल पुलिस मुख्यालय श्री शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर लोगों को ठगने के लिए मुख्य रूप से इन चार तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं:

1. डिजिटल अरेस्टः डर का नया हथियार

अपराधी खुद को सीबीआई, पुलिस, कस्टम या ईडी का अधिकारी बताते हैं। वे दावा करते हैं कि आपके आधार कार्ड या मोबाइल नंबर का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग या ड्रग तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में हुआ है। आपको वीडियो कॉल पर बंधक (डिजिटल अरेस्ट) जैसा माहौल बनाकर डराया जाता है और केस रफा-दफा करने के नाम पर मोटी रकम ट्रांसफर करवा ली जाती है।

2. सिम डीएक्टीवेशन और केवाईसी फ्रॉड

आपके पास मैसेज आता है कि अगले 2 घंटे में आपकी सिम बंद हो जाएगी। केवाईसी अपडेट करने के बहाने अपराधी आपसे फर्जी ऐप डाउनलोड करवाते हैं या लिंक पर क्लिक करवाते हैं। इससे आपका सिम स्वैप हो जाता है और अपराधी कॉल और एसएमएस फॉरवर्डिंग के जरिए आपके बैंकिंग ओटीपी हासिल कर लेते हैं।

3. मोबाइल टावर का फर्जी लालच

ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों में यह स्कैम तेजी से फैल रहा है। ठग आपकी जमीन पर टावर लगाने के बदले 20,000 से 50,000 मासिक किराया और लाखों रुपये एडवांस देने का लालच देते हैं। इसके बाद एग्रीमेंट फीस या रजिस्ट्रेशन के नाम पर आपसे पैसे ऐंठ लिए जाते हैं।

4. फर्जी सरकारी पत्र

अपराधी ट्राई, सीबीआई या दूरसंचार विभाग (DoT) के फर्जी लोगो और लेटरहेड का उपयोग कर ईमेल या पत्र भेजते हैं। इसमें कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जाती है ताकि डर के मारे व्यक्ति उनकी मांगों को मान ले।

खुद को ऐसे बचाएं

सत्यता जानें: ट्राई कभी भी किसी व्यक्ति को वीडियो कॉल पर पूछताछ के लिए नहीं जोड़ता और न ही डिजिटल अरेस्ट करता है।

अनजान कॉल से बचें: यदि कोई खुद को सरकारी अधिकारी बताकर डराए, तो तुरंत फोन काट दें।


गोपनीयता बनाए रखें: अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण या ओटीपी कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

वेरिफिकेशन जरूरी: टावर इंस्टालेशन से जुड़ी किसी भी जानकारी की पुष्टि दूरसंचार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट DOT.GOV.IN पर जाकर करें।

यहाँ करें तुरंत शिकायत

यदि आप या आपके आसपास कोई भी व्यक्ति इस तरह की ठगी का शिकार होता है, तो बिना देर किए सूचना हेल्पलाइन 1930, विशेष हेल्पडेस्क 9256001930 / 9257510100, ऑनलाइन पोर्टल HTTPS://CYBERCRIME.GOV.IN, नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन पर देवे।

जर्जर स्कूल भवनों पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार को लगाई फटकार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों के जर्जर भवनों और कक्षाओं की हालत पर गहरी नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि जुलाई से लगातार स्कूलों में हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक केवल चार स्कूलों में ही मरम्मत का काम शुरू हुआ है। महेंद्रगोल और अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने झालावाड़ में हुए स्कूल हादसे के बाद स्वप्रेरणा से दर्ज मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि मार्च में बजट लैप्स होने वाला है, इसके बावजूद सरकार अभी तक केवल टेंडर जारी करने में ही लगी हुई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जुलाई से अब तक कई स्कूल हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें भरतपुर और बूंदी के स्कूलों में भी घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद सरकार की प्राथमिकता में स्कूल भवनों की सुरक्षा नजर नहीं आ रही है। कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि आखिर सरकार करना क्या चाहती है। यदि स्थिति ऐसी ही रही तो अदालत चार्टर्ड इंजीनियर नियुक्त करने पर विचार कर सकती है, जो स्कूल भवनों का निरीक्षण कर प्रमाणित करेंगे और 1 जुलाई से केवल उन्हीं स्कूलों का संचालन होगा जिन्हें सुरक्षित घोषित किया जाएगा, जबकि बाकी स्कूलों में मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि ऐसा आदेश नहीं दिया जाए क्योंकि बजट की समस्या है। इस पर अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बजट सरकार की समस्या हो सकती है, अदालत की नहीं। अदालत के आदेशों की पालना हर हाल में करनी होगी। कोर्ट ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य सचिव को शपथ-पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिसमें अब तक अदालत के आदेशों की पालना में की गई कार्रवाई का पूरा विवरण देना होगा।

होली पर खूनी लूट की साजिश नाकामः भरतपुर पुलिस ने दबोचा बदमाशों का गैंग, अवैध पिस्टल और कट्टे बरामद



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 5 मार्च। भरतपुर जिला पुलिस ने होली के त्यौहार से ठीक पहले एक बड़ी वारदात को टालने में सफलता हासिल की है। खेडली मोड़ थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संगठित गिरोह बनाकर लूट की योजना बना रहे तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशानुसार अवैध हथियारों और गैंगस्टरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सूचना मिली। थानाधिकारी राजेश कसाना को मुखबिर से खबर मिली कि नदबई थाने के वांछित अपराधी लोकेन्द्र और हेमराज अपने साथियों के साथ खेडली मोड़ क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी शुरू की। मुखबिर ने बताया कि बदमाश गुफा वाले हनुमान जी मंदिर के सामने बीहड़ में एक सुनसान खड्डे में बैठकर लूट की योजना बना रहे हैं।

मोटे पैसे वाले परिवारों को लूटेंगे... पुलिस ने सुनी बदमाशों की बातें

जब पुलिस टीम दबे पांव बदमाशों के करीब पहुँची, तो वे आपस में बातचीत कर रहे थे। बदमाश कह रहे थे - "होली का खर्चा निकालना है। त्यौहार के बाद लोग परिवार सहित बाहर निकलेंगे, तब दो-चार बड़ी गाड़ियों वाले रईस परिवारों को हथियारों के बल पर लूट लेंगे। अगर कोई विरोध करेगा तो गोली मार देंगे। आज 5-7 लाख की लूट हो गई तो दो-तीन महीने का इंतजाम हो जाएगा।"

जैसे ही पुलिस ने उन्हें चारों तरफ से घेरा, बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद जाप्ते ने तीनों को धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की तलाशी ली तो उनके पास से 01 अवैध देशी पिस्टल (315 बोर), 02 अवैध कट्टे (315 व 12 बोर) और 05 जिन्दा कारतूस (12 बोर) व 01 बिना नंबरी चोरी की मोटरसाइकिल मिली।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पैसों की तंगी के कारण एक संगठित गिरोह बनाकर लूटपाट करने निकले थे। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी लोकेन्द्र जाट (34) व हेमराज उर्फ हेमू जाट (20) निवासी खेडी देवीसिंह थाना नदबई और सचिन उर्फ सच्चू जाटव (20) निवासी बैलारा थाना नदबई शातिर किस्म के अपराधी हैं।

इनके विरुद्ध थाना खेडली मोड़ पर बीएनएस व आर्म्स एक्ट की संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है कि वे ये अवैध हथियार कहाँ से खरीदकर लाए थे।

खाद्य सुरक्षा पोर्टल के माध्यम से पात्र लाभार्थी जुड़वा सकते हैं नाम - जल संसाधन मंत्री

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के नाम जोड़ने के लिए वर्तमान में पोर्टल खुला है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी आवेदन कर खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वा सकता है। रावत प्रश्नकाल में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री की ओर से सदस्य श्री रफीक खान द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 26 फरवरी 2026 तक कुल 1,36,977 राशन कार्डधारी पंजीकृत हैं। राज्य सरकार द्वारा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के उद्देश्य के साथ चलाए गए गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना के सक्षम लाभार्थियों ने अपने नाम हटवाए हैं। मंत्री श्री रावत ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के चयनित लाभार्थियों को तीन माह में ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले लाभार्थियों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटे हैं। इससे पहले विधायक खान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जल संसाधन मंत्री ने बताया कि जयपुर शहर में एक फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2026 तक खाद्य सुरक्षा योजना में 84,574 नाम जोड़े गये हैं तथा 1,27,286 नाम हटाये गये हैं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्रवार संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा I

पंचायतीराज चुनाव की तैयारियां, बैलेट-ईवीएम की दी ट्रेनिंगःनिर्वाचन विभाग ने 80 ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सिस्टम समझाया

24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में प्रस्तावित पंचायतीराज चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उदयपुर के जिला परिषद सभागार में गुरुवार को ब्लॉक स्तर अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 80 ब्लॉक लेवल मास्टर ट्रेनर ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण के सहायक प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने बताया- जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी पूरी जानकारी दी गई। अधिकारियों को नामांकन पत्र भरने से लेकर मतदान और मतगणना सहित चुनाव की अंतिम प्रक्रिया तक के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के सहायक प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने बताया- प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों के सवालों का भी जवाब दिया गया, ताकि चुनाव के समय किसी भी तरह की प्रशासनिक या तकनीकी परेशानी न आए। डॉ. चौबीसा ने बताया- वार्ड पंच और सरपंच के चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएंगे, जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव ईवीएम मशीनों से होंगे। इसी कारण ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को दोनों प्रक्रियाओं के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण दिया गया।

ग्राहक पंचायत की बैठक का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन की बैठक ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री राकेश पालीवाल की अध्यक्षता में कार्यालय पर आयोजित हुई। इस बैठक में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसके अंतर्गत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जायेगा। ग्राहक पंचायत संगठन के जिला मंत्री नारायण पंचोली ने बताया कि इसी माह में ग्राहक पंचायत का जिला अभ्यास वर्ग करने का निर्णय हुआ जिसमे ग्राहक पंचायत के कार्यों की रचना एवं नये एवं पुराने सदस्यों जिसमे युवा शक्ति, महिला सदस्यों को अभ्यास वर्ग में शामिल करके संगठन के कार्यों को सिखाया जाएगा। इस बैठक में पंचायत के जिला अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, महिला अध्यक्ष पूर्णिमा बोकड़िया, संगीता जैन, राजू कुंवर चौहान, मंजू भावसार,हरीशंकर तिवारी, करण सिंह कटारिया, फतहलाल पारिक,जय प्रकाश भावसार, डॉ. कुणाल आमेटा आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने काठूवास पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी के निधन पर जताया शोक



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। भजनलाल शर्मा गुरुवार को काठूवास (माढ़ण तहसील, कोटपूतली-बहरोड़) पहुंचे और टीकाराम जूली की माताजी स्व. चलती देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह, सांसद मदन राठौड़ तथा विधायक देवी सिंह शेखावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे।

ट्रेन के टॉयलेट में मिला निंबाहेड़ा एडीजे की पत्नी का शव, साइलेंट हार्ट अटैक की आशंका



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/चित्तौड़गढ़ (कविता पारख)। चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा में पदस्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) राजकुमार चौहान की पत्नी का शव ट्रेन के टॉयलेट में मिलने से हड़कंप मच गया। प्रारंभिक चिकित्सकीय जांच में महिला की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई गई है। घटना ने न्यायिक व प्रशासनिक हलकों के साथ-साथ आम यात्रियों को भी स्तब्ध कर दिया। जानकारी के अनुसार एडीजे राजकुमार चौहान और उनकी पत्नी उषा चौहान (42) 4 मार्च को कांचीगुड़ा–भगत की कोठी एक्सप्रेस (17606) से यात्रा कर रहे थे। दोनों का रिजर्वेशन अलग-अलग कोच में था और वे राजस्थान के सोजत स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर निंबाहेड़ा की ओर जा रहे थे। बुधवार सुबह जब ट्रेन चित्तौड़गढ़ स्टेशन पहुंची तो एडीजे राजकुमार चौहान अपने कोच से उतर गए, लेकिन उनकी पत्नी प्लेटफॉर्म पर नजर नहीं आईं। पहले तो उन्होंने आसपास के कोच और प्लेटफॉर्म पर तलाश की, लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका पता नहीं चला तो उन्होंने तुरंत रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सूचना दी। उस समय तक ट्रेन चित्तौड़गढ़ से आगे के लिए रवाना हो चुकी थी। जीआरपी ने महिला के मोबाइल नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस की, जो ट्रेन के भीतर ही मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने आगे के स्टेशनों को अलर्ट किया। सूचना के आधार पर ट्रेन को पहले मंदसौर और फिर मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के जावरा स्टेशन पर रोककर संबंधित कोच की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक टॉयलेट का दरवाजा अंदर से बंद मिला। संदेह होने पर दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर उषा चौहान अचेत अवस्था में पड़ी मिलीं। रेलवे पुलिस ने तत्काल उन्हें जावरा के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रतलाम जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी के अनुसार प्रारंभिक मेडिकल जांच में महिला की मौत साइलेंट हार्ट अटैक से होना सामने आया है। आशंका है कि वॉशरूम जाने के दौरान ही उन्हें अचानक अटैक आया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एडीजे राजकुमार चौहान और उनके परिजन जावरा पहुंच गए। बाद में परिजन शव को अपने साथ जोधपुर ले गए, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

वल्लभनगर में देरी से चल रहे सड़क कार्य मार्च तक पूरे होने की संभावनाः दिया कुमारी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 5 मार्च। दिया कुमारी ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में सड़कों के कुल 95 कार्यों के लिए 65 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 35 कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 32 कार्य प्रगति पर हैं और शेष 28 कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वल्लभनगर क्षेत्र में 11 सड़क कार्य देरी से चल रहे हैं, जिन्हें मार्च 2026 तक पूरा किए जाने की संभावना है। प्रश्नकाल के दौरान विधायक उदयलाल डांगी द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि बजट वर्ष 2026-27 में वल्लभनगर क्षेत्र में 8 करोड़ रुपये की लागत से डबोक एनएच-48 से टांक तक सड़क निर्माण की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 86 सड़कें क्षतिग्रस्त और नॉन-पेचेबल श्रेणी में थीं। इनमें से 43 कार्यों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। स्वीकृत कार्यों में से 17 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 11 कार्य प्रगतिरत हैं, जबकि 7 कार्यों के लिए निविदा स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। शेष 8 कार्यों की निविदाएं 5 मार्च 2026 को प्राप्त की जानी प्रस्तावित हैं। दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट घोषणा वर्ष 2026-27 में सड़कों के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 1400 करोड़ रुपये की घोषणा की है। इसके तहत नॉन-पेचेबल और क्षतिग्रस्त सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित कर उनका नवीनीकरण करवाया जाएगा।

सागवाड़ा में श्री शांतिनाथ महार्चना विधान सम्पन्न, श्रद्धालुओं ने किया पंचामृत अभिषेक



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा। सागवाड़ा के दिगम्बर जैन समाज में गुरुवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा वातावरण देखने को मिला। वीरेन्द्र धनराज गोवाडिया परिवार के सान्निध्य में आयोजित एक दिवसीय श्री शांतिनाथ महार्चना विधान श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रतिषाचार्य पंडित विनोद पगारिया के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल स्थानीय श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन नया मंदिर में हुई। यहाँ यजमान परिवार ने अष्ट द्रव्य अर्पित कर सोलहवें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा को शिरोधार्य किया। इसके बाद बैण्ड-बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में प्रतिमा को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं ने प्रतिमा पर पंचामृत से अभिषेक किया और विश्व शांति की कामना करते हुए शांतिधारा की। इसके पश्चात सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा तथा पंच मंगल कलश स्थापना जैसे धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए और नवदेवता पूजा की गई। इसके बाद आयोजित शांतिनाथ महामंडल विधान के दौरान विधान मंडप में उपस्थित श्रद्धालुओं ने अष्ट द्रव्य और श्रीफल सहित शताधिक अर्घ समर्पित कर भगवान की आराधना की। कार्यक्रम के समापन पर हवन, आरती और पुण्याहवाचन विधि सम्पन्न हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर पवन गोवाडिया, आदिश 'सुनील' वंश गोवाडिया, अठारह हजार दशा हूमड़ समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया, महासचिव साधना कोठारी, जैन युवा मंच अध्यक्ष वैभव गोवाडिया, ज्योत्सना गोवाडिया, नलिनी गोवाडिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सिविल सेवकों का खेल महाकुंभ शुरू, 12वीं अंतर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 टीमों के 800 से अधिक खिलाड़ी दिखा रहे दमखम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मार्च। झीलों की नगरी उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में गुरुवार से 12वीं अंतर्संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया और खिलाड़ियों को खेल भावना व अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई। महाराणा प्रताप खेलगांव स्थित क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में आयुक्त उपनिवेशन नवनीतकुमार, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सीआर देवासी, एडीएम दीपेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान गितेशश्री मालवीया, समाजसेवी गजपालसिंह, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रदीप रवानी, जया मीणा सहित कई अधिकारी और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। प्रारंभ में जिला कलक्टर श्री मेहता ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा करने के साथ ही खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। जिला कलक्टर ने सभी संभागों से आई टीमों के प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर खेलों के लिए शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता को खेल प्रतिभा और आपसी समन्वय को बढ़ाने वाला मंच बताया। जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, सचिवालय खेल प्रभारी मालती चौधरी, जिला कलक्टर कार्यालय से खेल प्रभारी सुरेंद्रसिंह चुण्डावत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला खेल अधिकारी डॉ पालीवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रतियोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के सातों संभागों के साथ जयपुर मुख्यालय की टीम सहित कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। इसमें तकरीबन 800 से अधिक खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन और कबड्डी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अंत में आभार एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने व्यक्त किया।

उदयपुर में Samsung Galaxy S26 Ultra लॉन्च, पत्रकार हितेष शर्मा बने पहले खरीददार, बाजार में उमड़ा उत्साह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। स्मार्टफोन की दुनिया में गुरुवार को एक बार फिर तकनीकी हलचल देखने को मिली, जब Samsung Electronics ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन Samsung Galaxy S26 Ultra बाजार में उतारा। लॉन्च के साथ ही झीलों की नगरी उदयपुर में इस प्रीमियम स्मार्टफोन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और शहर के मोबाइल बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई। लॉन्च के पहले ही दिन कई टेक्नोलॉजी प्रेमी और युवा उपभोक्ता इस स्मार्टफोन को खरीदने के लिए उत्साहित दिखाई दिए। इसी दौरान शहर के युवा उपभोक्ता हितेश शर्मा ने सबसे पहले यह स्मार्टफोन खरीदकर उदयपुर के पहले S26 Ultra यूजर बनने का गौरव हासिल किया। नए फोन को हाथ में लेने के बाद उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सैमसंग की अल्ट्रा सीरीज हमेशा से उनकी पसंदीदा रही है और इस नए मॉडल में कंपनी ने डिजाइन, कैमरा और स्पीड के मामले में काफी प्रभावशाली सुधार किए हैं। उन्होंने बताया कि फोन की हाई-परफॉर्मेंस प्रोसेसिंग, एडवांस कैमरा सिस्टम और प्रीमियम लुक इसे अन्य स्मार्टफोन्स से अलग बनाते हैं। शहर के पहले खरीदार बनने पर उन्होंने गर्व भी व्यक्त किया। उधर, शहर के अन्य मोबाइल बाजारों में भी इस स्मार्टफोन को लेकर युवाओं और गैजेट प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल बना रहा। कई ग्राहक फोन की नई तकनीक, कैमरा फीचर्स और पावरफुल प्रोसेसर को लेकर जानकारी लेते नजर आए। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार Samsung Galaxy S26 Ultra में कंपनी ने प्रीमियम डिजाइन, बेहतर कैमरा टेक्नोलॉजी और तेज प्रोसेसर के साथ कई आधुनिक फीचर्स जोड़े हैं, जो इसे हाई-एंड स्मार्टफोन श्रेणी में एक मजबूत विकल्प बनाते हैं। लॉन्च के साथ ही उदयपुर के मोबाइल बाजार में यह स्मार्टफोन चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है।

कैट फिएस्टा में 101 विभूतियों का सम्मान, 27 को कैट स्टार आइकन अवार्ड



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) विमेन विंग उदयपुर की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अशोका ग्रीन में कैट फिएस्टा 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली 101 महिलाओं का सम्मान किया गया। इनमें 27 विभूतियों को कैट स्टार आइकन अवार्ड तथा 75 महिलाओं को कैट आइकन अवार्ड से नवाजा गया। शुभारंभ संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पूर्व महापौर रजनी डांगी, डॉ. निशा अग्रवाल, रुकसाना साबुनेवाला, अलका मूंदड़ा, डॉ. स्वीटी छाबड़ा, समाजसेवी पुष्पा कोठारी, मनीष गलूंडिया, मधु सरीन, कैट उदयपुर अध्यक्ष दिनेश चोरड़िया एवं महामंत्री महेंद्र तलेसरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विमेन विंग अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया और सचिव डॉ. सोनू जैन ने बताया कि आयोजन में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शॉपिंग कार्निवल में 50 से अधिक ज्वेलरी, बुटीक, फूड और होम डेकोर स्टॉल लगाए गए, जहां शहरवासियों ने जमकर खरीदारी की। साथ ही निःशुल्क मेडिकल कैंप में विभिन्न अस्पतालों द्वारा बीपी, शुगर और अन्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए 'फिल्मिस्तान हाउजी' मुख्य आकर्षण रहा, जबकि समापन फूलों की होली के साथ हुआ। आयोजन को सफल बनाने में नयना जैन, चयनिका गलूंडिया, रुचि चोरड़िया, प्रीति सोगानी, नवनीत कौर छाबड़ा, दीपमाला मेवाड़ा सहित कई सदस्यों का सहयोग रहा। कैट स्टार आइकन अवार्ड से सम्मानित 27 विभूतियों में साक्षी भट्ट, पूजा छाबड़ा, ऐश्वर्या सिंह, हसीना चक्कीवाला, सुधा कावड़िया, अंजली दुबे, रुखसाना साबुनवाला, डॉ. गुनीत मोंगा, शानू लोढ़ा, डॉ. संगीता गुप्ता, संगीता धर, प्रेम नाहर, आशा मेहता, डॉ. सिम्मी सूद, मीनल जैन, प्रियंका अर्जुन, पलक जैन, नवनीत कौर छाबड़ा, मधु अग्रवाल, कृति शर्मा, महक सनाढ्य, कृतिका चौबीसा, आशा पांडे, शैली श्रीवास्तव, श्रेष्ठा कोठारी, हीरा सरीन और सोनल कंठालिया शामिल रहीं।

महावीर फिजियोथैरेपी सेंटर में क्रायोथेरेपी मशीन शुरू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा न्यू अहिंसा पुरी स्थित महावीर फिजियोथैरेपी सेंटर में अत्याधुनिक क्रायोथेरेपी मशीन का शुभारंभ किया गया। मशीन का उद्घाटन वीर सीए जसवंत सिंह बाबेल ने किया। केंद्र अध्यक्ष रविंद्र सुराणा ने बताया कि क्रायोथेरेपी मशीन अत्यधिक ठंड के माध्यम से दर्द, सूजन और त्वचा संबंधी समस्याओं में राहत देने के साथ चोटों की रिकवरी तेज करने में सहायक है। उन्होंने बताया कि केंद्र पिछले चार वर्षों से कम लागत पर सेवाएं दे रहा है, जहां बीपीएल परिवारों और दिव्यांगजनों को निःशुल्क तथा सामान्य नागरिकों को प्रतिदिन 100 रुपये में फिजियोथैरेपी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। केंद्र में मंगलवार और शुक्रवार को वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार सांखला की सेवाएं भी उपलब्ध रहती हैं। यहां उपकरण बैंक के माध्यम से वॉकर, व्हीलचेयर, आईसीयू बेड सहित कई चिकित्सा उपकरण निःशुल्क दिए जाते हैं। इस सेवा के लिए संयोजक राजेंद्र भंडारी (मो. 94148 51061) एवं सचिव सुरेश बड़ीवाल (मो. 94141 61395) से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर वीर अशोक खुर्दिया, वर्धमान मेहता, राजकुमार नलवाया, ए. के. श्रीमाली, जसवंत वर्डिया, दौलत सिंह भंसाली, दिलीप सुराणा सहित 40 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।